हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार, 25 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 34 .3 डिग्री
न्यूनतम 14 .5 डिग्री

11 लाखन माजरा में महम रोड बना तालाब आए दिन ...



12 गैर शिक्षक कर्मचारी संघ चुनाव : इस बार दीपक ..



## खबर संक्षेप

### 27 को डॉ मंगल सैन की श्रद्धांजलि सभा



मनोहर लाल वधवा

**रोहतक।** भारतीय जनसंघ से भारतीय जनता पार्टी का राजनीति सफर करने वाले स्वं. डॉ मंगल सैन की श्रद्धांजलि सभा 27 अक्तूबर को सुबह 9 बजे हुडा कॉम्प्लैक्स में मनाई जाएगी। वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता एवं डॉ मंगल सैन विचार मंच के अध्यक्ष मनोहर लाल वधवा ने बताया कि डॉ मंगल सैन सात बार विधायक तथा हरियाणा के उपमुख्यमंत्री रहे।

### जाट कॉलेज में जेईएस फेस्ट एक नवम्बर को

**रोहतक।** जाट शिक्षण संस्था द्वारा एक नवम्बर को जाट कॉलेज में जेईएस फेस्ट 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस फेस्ट में संस्था के स्कूलों और कॉलेजों के विभिन्न क्षेत्रों के उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा।
फेस्ट के सफल आयोजन के लिए बनाई गई कमेटियां के कन्वीनर और सभी प्रिंसिपल की बैठक जाट कॉलेज में प्रिंसिपल डॉ जोगेंद्र सिंह दहिया की अध्यक्षता में की गई।

### राज्यपाल प्रो. घोष कई कार्यक्रमों में करेंगे शिरकत



**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि प्रदेश के महामहिम राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष 25 से 27 अक्तूबर तक जिला में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। सचिन गुप्ता ने बताया कि राज्यपाल 25 अक्तूबर को दोपहर 12 बजे रोहतक पहुंचेंगे, जिसके उपरांत वे गांव खरावड़ स्थित राजकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में अभिभावकों तथा स्टाफ सदस्यों के साथ संवाद करेंगे। 26 अक्तूबर को दोपहर बाद 3:45 मिनट पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय का दौरा करेंगे तथा फैकल्टी सदस्यों के साथ संवाद करेंगे।

### गौड़ ब्राहामण आयुर्वेदिक कॉलेज का एलुमनी मीट कल

**रोहतक।** गौड़ ब्राहामण आयुर्वेदिक कॉलेज ब्राहामणवास में 26 अक्टूबर रविवार को कॉलेज कैंपस में पहला एलुमनी मीट आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन जीबीएसी डॉक्टर्स एलुमनी वेलफेयर ट्रस्ट 2025 द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर को खास बनाने वाला है कि यह कॉलेज की पहली पासिंग बैच 1974 के बाद 51 वर्षों का उत्सव है। ट्रस्ट के प्रधान डॉ. संजय जाखड ने बताया कि एलुमनी मीट में 1974 से 2019 तक के बैच के एलुमनाई शामिल होंगे। देश के विभिन्न प्रदेशों से 600 से अधिक आयुर्वेदिक डॉक्टर इस आयोजन में भाग लेने के लिए उपस्थित होंगे। इस समारोह का उद्देश्य कॉलेज की विरासत और मूल्य को साझा करना, पूर्व छात्रों को जोड़ना और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनाना है।

### अब तक 15212.90 मीट्रिक टन धान की हुई खरीद



**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि जिला की मंडियों में सरकारी खरीद एजेंसियों व व्यापारियों द्वारा अब तक 15212.90 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है तथा 4489 मीट्रिक टन बाजरा की खरीद की गई है। उन्होंने किसानों का आह्वान किया है कि वे अपनी फसलों को अच्छी तरह साफ करके एवं सुखाकर मंडियों में लायें ताकि फसल बिक्री में सुविधा हो। किसान फसलों के अवशेषों को आग न लगाये बल्कि इनका उचित प्रबंधन करें।

---

कार्रवाई से हड़कंप : अब रोजाना चलेगा सीलिंग अभियान

# संपत्तिकर बकायेदारों पर निगम का शिकंजा कसना शुरू, दो दुकानें सील

संपत्तिकर शाखा के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक में निर्णय

*नगर निगम ने पहले ही संपत्तिकर बकायेदारों को कई बार नोटिस भेजे हैं, लेकिन इसके बावजूद कई लोगों ने बकाया राशि नहीं भरी है। अब निगम ने नियमानुसार सीलिंग की कार्रवाई शुरू कर दी गई है।*



हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

नगर निगम ने संपत्तिकर बकायेदारों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए सीलिंग अभियान तेज कर दिया है। अब निगम द्वारा प्रतिदिन सीलिंग अभियान चलाया जाएगा। इसी के तहत टीम ने दो दुकानों को सील किया। निगम की सख्ती से बकायेदारों में हड़कम्प मचा हुआ है। शुक्रवार को निगम कार्यालय में संपत्तिकर शाखा के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संपत्तिकर वसूली और लंबित आवेदनों की समीक्षा की गई। आयुक्त डॉ. शर्मा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी लंबित संपत्तिकर से संबंधित मामलों का निस्तारण प्राथमिकता से किया जाए। जो संपत्ति मालिक अब तक कर जमा नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि अब निगम बकायेदारों के खिलाफ सख्त कदम उठाकर राजस्व की वसूली सुनिश्चित करेगा ताकि शहर के विकास कार्य प्रभावित न हों। नगर निगम ने पहले ही बकायेदारों को कई बार नोटिस भेजे हैं, लेकिन इसके बावजूद कई लोगों ने बकाया राशि नहीं भरी है। इस कारण अब निगम ने नियमानुसार सीलिंग की कार्रवाई शुरू कर दी है।



**रोहतक।** दुकान पर निगम का लटकता ताला। फोटो : हरिभूमि

### दंडित नहीं, समय पर कर अदा करने के लिए प्रेरित कर रहे

नगर निगम का उद्देश्य नागरिकों को दंडित करना नहीं बल्कि उन्हें समय पर कर अदा करने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि संपत्तिकर नागरिकों की जिम्मेदारी है और समय पर भुगतान करने से ही शहर के विकास कार्यों को गति मिलती है। सड़क, सीवर, सफाई और अन्य नागरिक सुविधाओं के लिए यही राशि उपयोग में लाई जाती है। वे सीलिंग या कानूनी कार्रवाई से पहले अपना बकाया कर जमा करवाएं। नगर निगम की वेबसाइट और ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से भी भुगतान की सुविधा उपलब्ध है। साथ ही नागरिक सीधे निगम कार्यालय में जाकर भी अपने कर का भुगतान कर सकते हैं। डॉ. शर्मा ने कहा कि समय पर कर जमा करने वाले नागरिक वास्तव में शहर के विकास में भागीदार हैं। -आयुक्त डॉ. आनंद शर्मा

### अन्य बकायेदारों की सूची तैयार, जल्द फिर चलाएगा निगम सीलिंग अभियान

निगम की टीम ने दो बड़ी संपत्तियों को सील किया, जिन पर करीब 1.37 करोड़ रुपये का संपत्तिकर बकाया था। निगम अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी और रोजाना नए क्षेत्रों में सीलिंग अभियान चलाया जाएगा। नगर निगम ने शुक्रवार की कार्रवाई के बाद अब बकायेदारों की एक नई सूची तैयार करनी शुरू कर दी है। इस सूची में उन संपत्ति मालिकों के नाम शामिल किए जा रहे हैं, जिन्होंने बार-बार नोटिस मिलने के बावजूद कर जमा नहीं करवाया है। निगम अधिकारियों ने बताया कि जल्द ही इन संपत्तियों को भी सील करने की कार्रवाई की जाएगी। निगम की संपत्तिकर शाखा ने प्रत्येक वार्ड से बकायेदारों के विवरण मांगे हैं ताकि अभियान को व्यवस्थित ढंग से चलाया जा सके। साथ ही जिन मामलों में बकाया राशि अधिक है, उन पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जाएगी।

### सीलिंग के बाद एफआईआर की तैयारी सख्ती से होगी वसूली

नगर निगम ने यह भी स्पष्ट किया है कि सीलिंग के बाद यदि कोई संपत्ति मालिक जबरन अपनी सील तोड़ता है या कर भुगतान से बचने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। निगम आयुक्त ने कहा कि अब समय आ गया है जब कर चोरी को गंभीरता से लिया जाए और राजस्व वसूली सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि कई मामलों में कानूनी प्रक्रिया भी शुरू की जा रही है ताकि बकायेदारों को दंडात्मक कार्रवाई के तहत जिम्मेदार ठहराया जा सके। निगम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शहर के विकास कार्यों के लिए आवश्यक धनराशि की कमी न हो और नागरिक सेवाएं नियमित रूप से जारी रहें।

---



**रोहतक।** पीएचडी पाठ्यक्रम का प्रॉस्पेक्टस जारी करते कुलपति प्रो . राजबीर सिंह।

कुलपति ने जारी किया प्रॉस्पेक्टस

# एमडीयू में पीएचडी दाखिले की प्रक्रिया शुरू

7 नवंबर तक करें ऑनलाइन आवेदन

सत्र 2025-26 के लिए 457 सीटों पर होंगे प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलपति प्रो राजबीर सिंह ने सत्र 2025-26 के लिए पीएचडी पाठ्यक्रम का प्रॉस्पेक्टस जारी किया। इस सत्र में विभिन्न विषयों में कुल 457 सीटों पर दाखिले के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 7 नवंबर तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने इस अवसर पर कहा कि एमडीयू शोध और नवाचार के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि एमडीयू का उद्देश्य अनुसंधान को समाज की आवश्यकताओं से जोड़ना और युवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को विकसित करना है। हम चाहते हैं कि यहां से निकलने वाले शोधार्थी देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय में पीएचडी दाखिले की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और मेरिट आधारित होगी।

### शोध के क्षेत्र में विवि को अग्रणी बनाना प्राथमिकता

विश्वविद्यालय शोध के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए नई शोध नीतियों, उन्नत प्रयोगशालाओं और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के अवसरों पर भी कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि एमडीयू शोध के क्षेत्र में राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अग्रणी संस्थानों में शामिल हो।

### एमडीयू : दीक्षांत समारोह नवंबर के तीसरे सप्ताह में

एमडीयू का 19वां दीक्षांत समारोह नवंबर 2025 के तीसरे सप्ताह में आयोजित किया जाएगा। समारोह की सटीक तिथि और समय विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर शीघ्र ही घोषित किए जाएंगे। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि प्रत्येक अवार्डी को दीक्षांत समारोह में भाग लेने के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण करना अनिवार्य है।

---

हादसा

### गांव ब्राह्मणवास के पास ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



**रोहतक।** गांव ब्राह्मणवास के पास बीती देर रात को एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर जीआरपी टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पहचान 32 वर्षीय प्रवीण निवासी गांव ब्राह्मणवास के रूप में हुई। जो रात करीब साढ़े 8 बजे के आसपास लाइनों को पार कर रहा था। इसी दौरान वह ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में बुरी तरह से घायल प्रवीण को पीजीआई के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती करवाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जीआरपी एसएचओ जोगेंद्र कुमार ने बताया कि रात को सूचना मिली कि एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिसे पीजीआई में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

15 टीमों ने लिया भाग



शूटिंग मैन-वूमेन चैंपियनशिप का उद्घाटन करते जाट शिक्षण संस्थान के प्रधान गुलाब सिंह धीमान।

### एमडीयू शूटिंग मैन-वूमेन चैंपियनशिप का जाट कॉलेज में शुभारंभ

**नई दिल्ली।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की शूटिंग मैन-वूमेन चैंपियनशिप का उद्घाटन शुक्रवार को जाट कॉलेज, रोहतक के प्रांगण में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ गुलाब सिंह धीमान, प्रधान जाट शिक्षण संस्थान द्वारा किया गया। इस मौके पर विभिन्न महाविद्यालयों की 15 टीमों ने भाग लिया, जिनमें खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपप्रधान धर्मराज ने की। कॉलेज के प्राचार्य जस भैया ने खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल भावना को बढ़ावा देती हैं।

कॉलेज पहुंचने पर स्वागत



गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में छात्रा तनिशा का स्वागत करते हुए प्राचार्य डॉ जयपाल शर्मा व अन्य।

### गौड़ ब्राह्मण की तनिशा ने 3000 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया

**रोहतक।** भुवनेश्वर में आयोजित 40वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज, रोहतक की बी.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा तनिशा ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए 3000 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि तनिशा के कठिन परिश्रम, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। प्रतियोगिता में देशभर के श्रेष्ठ एथलीटों ने भाग लिया, जिनमें तनिशा ने अपने प्रदर्शन से कॉलेज, शहर और प्रदेश का गौरव बढ़ाया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जयपाल शर्मा ने तनिशा को इस शानदार उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी।

---

लोगों में रोष, पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

# शहर में चोरों का आतंक, एक ही दिन में कई जगह लाखों की चोरी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

शहर में इन दिनों चोरों का आतंक बढ़ गया है। गुरुवार रात शहर में दो जगह बड़ी चोरी हुई। चोरों ने दोनों ही जगह दुकानों को निशाना बनाते हुए लाखों का माल चुरा लिया। मालगोदाम रोड पर कपड़े की दुकान में लगे दरवाजे को तोड़कर अंदर घुस कर 7 लाख रुपये कैश व 5 लाख रुपये का सोने का कड़ा व मंदिर में रखी पीतल की भगवान की मूर्ति चुरा ले गए। दूसरी घटना बाबरा मोहल्ला में हुई, जहां चोरों का आतंक देखने को मिला है। सुबह 2 बजकर 47 मिनट पर तीन युवक स्कूटी पर सवार होकर आते हैं। उसके बाद एक युवक स्कूटी पर बैठा रहता है दूसरा युवक स्टोर के शटर को रॉड डालकर तोड़ता है और दुकान से लाखों कैश की चोरी कर फरार हो जाते हैं।

### बाबरा मोहल्ला में शटर तोड़कर चोरी

बाबरा मोहल्ला में तीन युवक स्कूटी पर सवार होकर आए। लोहे की रॉड से दुकान का शटर तोड़कर लाखों रुपये का सामान व कैश चोरी कर लिया और फरार हो गए। सुबह उठकर जब दुकानदार ने देखा तो उसकी दुकान में सामान बिखरा हुआ था और गल्ले से कैश भी गायब था। पुलिस को शिकायत दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची जांच में जुट गई।



---

### नहाय खाय के साथ आज से शुरू होगा चार दिवसीय लोक आस्था का महापर्व छठ



**रोहतक।** सूर्य उपासना का महापर्व छठ पूजा 25 अक्तूबर से शुरू होगा। चार दिवसीय छठ महापर्व की शुरूआत 25 तारीख को नहाय-खाय के साथ होगी। 26 अक्टूबर को खरना रहेगी। महिलाएं 27 अक्टूबर को डूबते सूर्य को अर्घ्य देंगी। 28 अक्टूबर को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही पूजा का समापन होगा। पूर्वांचल एकता सेवा समिति के अध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। नहर पर घाट तैयार कर लिए गए हैं। प्रशासन की तरफ से पूरी मदद की जा रही है। उन्होंने बताया कि सूर्य छठ पूजा का पर्व हर वर्ष बहुत ही धूमधाम से देशभर में मनाया जाता है। यह व्रत संतान के सुखी जीवन की कामना के लिए किया जाता है। छठ पर्व षष्ठी तिथि से दो दिन पहले अर्थात चतुर्थी से नहाय-खाय से आरंभ हो जाता है और इसका समापन सप्तमी तिथि को पारण करके किया जाता है। इस पर्व में मुख्य सूर्य देव को अर्घ्य देने का सबसे ज्यादा महत्व माना गया है।

प्रशासन की तरफ से तैयारियां पूरी

---

लेंगे सात फेरे | शादी के बाद रिसेप्शन 4 नवंबर को रोहतक में आयोजित किया जाएगा

*शादी की रस्में 27 अक्टूबर से शुरू होंगी*

# दो बार ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके अमित पंघाल 2 नवंबर को शादी के बंधन में बंधेंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक



अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर और दो बार ओलिंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके अमित पंघाल 2 नवंबर को शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। शादी की रस्में 27 अक्टूबर से शुरू होंगी और 2 नवंबर को जींद में अंशुल श्योकंद के साथ सात फेरे लिए जाएंगे। शादी के बाद 4 नवंबर को रोहतक में रिसेप्शन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें खेल और समाज की कई बड़ी हस्तियों के शामिल होने की संभावना है। अमित पंघाल का जन्म 16 अक्टूबर 1995 को रोहतक जिले के मायना गांव में हुआ। बचपन से ही बॉक्सिंग में रुचि रखने वाले अमित ने 2007 में छोटूराम बॉक्सिंग एकेडमी में प्रैक्टिस शुरू की। उन्होंने 2018 में एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक, 2018 कॉमनवेल्थ गेम्स और 2019 वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रजत पदक, 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स में स्वर्ण, 2021 एशियन चैंपियनशिप में रजत और 2017 एशियन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। दो बार ओलिंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने के बावजूद पदक से चूकने के बावजूद अमित ने खेल में अपनी पहचान बनाई है। अंशुल श्योकंद जींद के पालवां गांव की निवासी हैं। उन्होंने रोहतक यूनिवर्सिटी से बीकॉम की पढ़ाई की और इसके बाद 8 महीने देहरादून में सीडीएस की कोचिंग ली। उन्होंने एयरफोर्स फ्लाइंग ऑफिसर का एग्जाम पास किया है और ताइक्वांडो की खिलाड़ी भी रह चुकी हैं। उनके पिता कुलदीप किसान हैं और मां सीमा जींद के अस्पताल में नर्स हैं। अंशुल का बड़ा भाई विवेक यूके में पढ़ाई कर रहा है।

### यह शादी अरेंज मैरिज

अमित और अंशुल की शादी अरेंज मैरिज है। चार महीने पहले अंशुल का परिवार अमित के घर आया और उन्होंने अमित को पसंद किया। इसके बाद दोनों परिवारों के विचारों और परंपराओं के अनुसार शादी का फैसला लिया गया। अमित के पिता विजेंद्र पंघाल ने शादी का पूरा प्रबंध अपने कंधों पर लिया है और कार्ड वितरण भी खुद कर रहे हैं। वहीं, अमित शादी की तैयारियों और खरीदारी में व्यस्त हैं। इस शादी में खेल जगत और समाज के कई प्रतिष्ठित लोग शामिल होंगे। रोहतक और जींद में होने वाले कार्यक्रमों के लिए घर में तैयारियां जोरों पर हैं, और यह आयोजन अमित पंघाल के जीवन और उनकी खेल यात्रा का एक यादगार अध्याय साबित होगा।

### 2007 में बॉक्सिंग की प्रैक्टिस शुरू की

अमित पंघाल का जन्म 16 अक्टूबर 1995 को रोहतक जिले के मायना गांव में हुआ था। उनके पिता विजेंद्र सिंह किसान हैं। अमित के बड़े भाई अजय बॉक्सिंग किया करते थे। उन्होंने ही बचपन में अमित को बॉक्सिंग खेलने के लिए प्रेरित किया। साल 2007 में अमित ने छोटूराम बॉक्सिंग एकेडमी में प्रैक्टिस शुरू की।









# प्रयोगशाला शिक्षक बन चमकाएं अपना करियर



**नॉलेज**

यंगभूमि डेस्क

हमारे भारत में किसी भी प्रकार की सरकारी नौकरी को बहुत ही ज्यादा सम्मान दिया जाता है। क्योंकि सरकारी नौकरी पाने के बाद लोगों को ऐसा लगता है, कि उन्होंने सब कुछ पा लिया है। हमारे देश के बुजुर्ग भी सरकारी नौकरी पाने वाले व्यक्ति को बहुत ज्यादा सम्मान देते हैं। इतना ही नहीं सरकारी नौकरी हासिल करने के बाद उम्मीदवार पैसा कमाने के साथ-साथ सम्मान भी बहुत अधिक कमाता है। खासतौर से हमारे आस पास अध्यापक पद काम करने वाले व्यक्ति को अच्छा सम्मान मिलता है। आज के आर्टिकल में हम आपको प्रयोगशाला टीचर कैसे बने, इसके बारे में जानकारी देंगे।

## कौन होता है प्रयोगशाला शिक्षक

प्रयोगशाला टीचर उच्च कक्षाओं में जो प्रयोगशाला होती है। उन प्रयोगशालाओं में अध्यापक के तौर पर प्रैक्टिकल करवाने वाले उम्मीदवार को कहा जाता है। प्रयोगशाला टीचर उच्च कक्षाओं यानी कि 10वीं 11वीं और 12वीं कक्षाओं में जो विज्ञान वर्ग के विषयों में प्रैक्टिकल करवाने का काम करते हैं, उनको कहा जाता है। प्रयोगशाला अध्यापक लैब में विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल करके हर चीज सिद्धांत के साथ समझाते हैं। विज्ञान विषय में प्रैक्टिकल काफी महत्वपूर्ण होता है। विज्ञान की थ्योरी पढ़ने के साथ-साथ प्रैक्टिकल के माध्यम से उस रिएक्शन और गतिविधि के बारे में संपूर्ण जानकारी विद्यार्थी लेते हैं और यह जानकारी देने का काम लैब टीचर करता है।

## जरूरी योग्यताएं

जो विद्यार्थी प्रयोगशाला टीचर बनने का सपना देख रहे हैं। और प्रयोगशाला टीचर बनने के लिए मेहनत कर रहे हैं। उन विद्यार्थियों को सबसे पहले लैब टीचर बनने के लिए जरूरी योग्यता को पूरा करना होगा योग्यता को पूरा करके ही आप प्रयोगशाला टीचर की भर्ती में आवेदन लगा सकते हैं और टीचर बनने के सपने को पूरा कर सकते हैं। प्रयोगशाला टीचर बनने के लिए जरूरी योग्यता नीचे कुछ इस प्रकार से दी गई है:

- उम्मीदवार 12 वीं कक्षा विज्ञान वर्ग के साथ पास किया हुआ होना अनिवार्य है।
- उम्मीदवार को उच्च शिक्षा के तौर पर आगे ग्रेजुएशन और मास्टर ग्रेजुएशन करना जरूरी है।
- बीएड की डिग्री हासिल करें।

## करने होते हैं ये कार्य

प्रयोगशाला टीचर के कार्य कि यदि बात की जाए तो प्रयोगशाला टीचर शब्द से ही यह अंदाजा लगाया जा सकता है, कि ऐसा अध्यापक जो प्रयोगशाला में होने वाली गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने में अपनी मदद करता है। प्रयोगशाला में विद्यार्थियों को नए नए प्रयोग सिखाने और उनके बारे में जानकारी देने में प्रयोगशाला टीचर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यार्थियों को विज्ञान की कई प्रकार की रियक्शन और गतिविधियों से अवगत करवाता है। प्रयोगशाला टीचर विद्यार्थियों को प्रयोग सिखाता है और लैब की परीक्षाओं में एग्जाम करवाने का काम भी करता है।

## कैसे बनें

**प्रयोगशाला टीचर बनने के लिए विद्यार्थियों को सबसे पहले 12 वीं कक्षा विज्ञान वर्ग के साथ पास करनी होगी। विज्ञान वर्ग के साथ जो विद्यार्थी 12वीं कक्षा पास कर लेता है। उसको नीचे दिए गए निम्नलिखित चरणों को फॉलो करते हुए आगे बढ़ना होगा।**

**ग्रेजुएशन पूरा करें :** 12 वीं कक्षा विज्ञान वर्ग में पूरा कर चुके विद्यार्थी किसी भी सब्जेक्ट के साथ ग्रेजुएशन कर सकता है। ग्रेजुएशन विज्ञान वर्ग से संबंधित होना अनिवार्य है। ग्रेजुएशन की डिग्री न्यूनतम 50% अंक के साथ पास करना काफी महत्वपूर्ण रहता है।

**बीएड की डिग्री हासिल करें :** 12 वीं कक्षा विज्ञान वर्ग में पूरा कर चुके विद्यार्थी किसी भी सब्जेक्ट के साथ ग्रेजुएशन कर सकता है।

**मास्टर डिग्री यानी की पोस्ट ग्रेजुएशन पूरा करें :** ग्रेजुएशन और बीएड की डिग्री लेने के पश्चात उम्मीदवार को पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री लेनी होती है। पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री लेने पर विद्यार्थी किसी भी एक विषय में मास्टर डिग्री हासिल कर लेता है और उस विषय से संबंधित प्रयोगशाला शिक्षक बनने के लिए योग्य भी हो जाता है। मास्टर डिग्री लेने वाले उम्मीदवार को अब आने वाली प्रयोग शाला शिक्षक भर्ती में आवेदन करने के लिए योग्यता मिल जाती है।

**प्रयोगशाला टीचर भर्ती में आवेदन करें :** लैब टीचर बनने के लिए उम्मीदवार को सरकार के द्वारा नियमित तौर पर निकाले जाने वाली प्रयोगशाला टीचर भर्ती में अपना आवेदन लगाना होगा। हालांकि जो विद्यार्थी प्राइवेट विद्यालय में प्रयोगशाला टीचर बनना चाहता है। उस विद्यार्थी के लिए किसी भी भर्ती में आवेदन लगाने की जरूरत नहीं है। विद्यार्थी डिग्री कंप्लीट करने के बाद सीधा किसी भी प्राइवेट विद्यालय में ज्वाइन होकर प्रयोगशाला टीचर पद पर कार्यरत हो सकता है। लेकिन सरकारी प्रयोगशाला टीचर बनने के लिए विद्यार्थी को प्रयोगशाला टीचर भर्ती में अपना आवेदन लगाना होगा। जब विद्यार्थी प्रयोगशाला टीचर भर्ती में आवेदन लगाता है। तो विद्यार्थी को प्रयोगशाला टीचर की सेलेक्शन प्रक्रिया से गुजरते हुए इस पद को हासिल करना होता है।

**कितनी होती है सैलरी :** प्राइवेट विद्यालय में प्रयोगशाला टीचर को 15,000 से 25,000 तक की सैलरी मिल जाती है। प्राइवेट विद्यालय में यह सैलरी कोई फिक्स नहीं है। उच्च स्तरीय प्राइवेट विद्यालय में प्रयोगशाला टीचर की सैलरी 50,000 तक भी हो सकते हैं। सरकारी प्रयोगशाला टीचर बनने के बाद उम्मीदवार की सैलरी की बात की जाए तो उम्मीदवार को शुरुआत में 40,000 तक की सैलरी मिलती है और 2 साल की अवधि पूरी होने के बाद उम्मीदवार को पहला प्रमोशन मिलता है। उसके बाद उम्मीदवार को 50,000 से 70,000 की सैलरी और ग्रेड पे के साथ-साथ अन्य कई प्रकार के सरकारी भत्ते की सुविधाएं भी मिलती है।

## कैंसर उपचार की रीढ़ है रेडियोथेरेपी, मरीजों की आशा की किरण

# जन सेवा के साथ करियर का बेहतरीन विकल्प 'रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट'

**विपुल शर्मा**

मोटिवेशनल स्पीकर



बीएससी इन रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजी (B.Sc in Radiotherapy Technology) जन सेवा के साथ युवाओं को करियर का बेहतरीन विकल्प उपलब्ध करवा रही है। यह तकनीक जहां कैंसर के मरीजों में आशा की किरण है, वहीं मेडिकल क्षेत्र में आगे बढ़ने वाले युवाओं को कामयाब होने के रास्ते दिखा रही है। इस क्षेत्र में करियर बनाने वाले युवाओं के लिए यह एक बेहतरीन कोर्स हो सकता है जो उनकी नौकरी की उम्मीदों को पंख दे सकता है। इसलिए युवा यह कोर्स कर अपने करियर को आसमान की बुलंदियों पर ले जा सकते हैं। आज के समय में दुनियाभर में बढ़ते कैंसर मामलों ने रेडिएशन थेरेपी की मांग को तेजी से बढ़ाया है। कैंसर के उपचार में रेडियोथेरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है और इसे सफलतापूर्वक देने वाले एक्सपर्ट रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट की आवश्यकता लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में बीएससी इन रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजी कोर्स युवाओं के लिए मेडिकल क्षेत्र में एक उत्कृष्ट करियर विकल्प बन चुका है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के इलाज में जहां एक ओर डॉक्टर और ऑन्कोलॉजिस्ट का योगदान अहम होता है। वहीं, रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट पर्दे के पीछे से तकनीकी रूप से उपचार को सटीक और प्रभावी बनाते हैं। इनका कार्य रोगी के जीवन से सीधा जुड़ा होता है, इसलिए यह क्षेत्र न केवल वैज्ञानिक ज्ञान बल्कि मानवीय संवेदनाओं से भी परिपूर्ण है।

## क्या है रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजी

रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट, कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज में उपयोग की जाने वाली रेडिएशन मशीनों को ऑपरेट करते हैं। ये प्रोफेशनल्स डॉक्टरों के निर्देश पर रोगी को सटीक मात्रा में विकिरण देते हैं, जिससे ट्यूमर को नष्ट किया जा सके और स्वस्थ ऊतकों को नुकसान न पहुंचे। आज के समय में रेडिएशन तकनीक अत्याधुनिक हो चुकी है जैसे रैखिक त्वरक (एलआईएनएसी), ब्रैकीथेरेपी, साइबरनाइफ और गामा नाइफ जैसी मशीनें, जिनके संचालन के लिए विशेष प्रशिक्षण आवश्यक होता है। रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट की भूमिका केवल मशीन चलाने तक सीमित नहीं होती, बल्कि वे रोगी की सुरक्षा, मशीन की मेंटेनेंस और रेडिएशन डोज की सटीक गणना जैसे अत्यंत संवेदनशील कार्यों में भी शामिल होते हैं।

## बढ़ते कैंसर मरीजों के कारण बढ़ी डिमांड



## कोर्स की ये हैं जरूरी योग्यताएं

इस कोर्स में प्रवेश के लिए छात्र को 12वीं (फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायोलॉजी/मैथ्स) न्यूनतम 50/55% अंकों के साथ पास होना चाहिए। सरकारी संस्थानों में केवल प्रवेश परीक्षा के आधार पर ही दाखिला होता है। इसके लिए आप पहले कोचिंग भी ले सकते हैं। कई निजी संस्थान भी यह कोर्स संचालित कर रहे हैं, लेकिन छात्रों को संस्थान चुनते समय उसकी मान्यता और क्लिनिकल ट्रेनिंग सुविधा पर विशेष ध्यान देना चाहिए। इसके बाद ही संस्थान का चुनाव करें। चूंकि यह कोर्स तकनीकी और मरीजों के सीधे संपर्क से जुड़ा है, इसलिए व्यवहारिक ज्ञान इसकी सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस पर ध्यान रखना जरूरी है।

## साढ़े 4 वर्ष का डिग्री कोर्स

बीएससी इन रेडियोथेरेपी एक साढ़े 4 वर्ष का डिग्री कोर्स है, जिसमें क्लासरूम टीचिंग, लैब ट्रेनिंग और हॉस्पिटल इंटर्नशिप शामिल होती है। अंतिम वर्ष में विद्यार्थियों को रेडिएशन विभाग में हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग दी जाती है, जिससे वे वास्तविक मरीजों के साथ काम करने का अनुभव प्राप्त कर सकें। कुछ संस्थानों में छात्रों को प्रोजेक्ट कार्य, केस स्टडीज और वर्कशॉप्स के माध्यम से रिसर्च का भी अवसर मिलता है। इस दौरान उन्हें न केवल तकनीकी स्किल, बल्कि रोगियों के प्रति सहानुभूति और मानसिक मजबूती जैसे गुण भी विकसित करने पर बल दिया जाता है।

## काम करके मिलता सुकून

रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजी एक ऐसा क्षेत्र है, जिसमें न केवल करियर की स्थिरता और उन्नति है, बल्कि कैंसर पीड़ितों की जिंदगी को बचाने का सुकून भी शामिल है। यह विज्ञान और मानवीय सेवा का सुंदर संगम है। यदि आप मेडिकल क्षेत्र में टेक्निकल एक्सपर्ट बनने के साथ समाज सेवा का जज़्बा भी रखते हैं, तो यह कोर्स आपके लिए उपयुक्त विकल्प हो सकता है। आने वाले वर्षों में जैसे-जैसे भारत में कैंसर उपचार सुविधाएँ बढ़ेंगी, वैसे-वैसे रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जाएगी।

## कैंसर के उपचार में रेडियोथेरेपी की भूमिका सबसे कारगर, B.Sc in Radiotherapy Technology कोर्स युवाओं को दे रहा करियर बनाने का शानदार मौका

## कोर्स करने के लिए प्रमुख संस्थान

1. पी.जी.आई.एम.एस. रोहतक (पंडित भगवत दयाल शर्मा पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, रोहतक)
2. पी.जी.आई. चंडीगढ़ (पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, चंडीगढ़)
3. एस.एम.एस. जयपुर (सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज, जयपुर)
4. बी.एच.यू. वाराणसी (बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी)
5. जिपमर पुडुचेरी (जवाहरलाल इंस्टिट्यूट ऑफ पोस्टग्रेजुएट मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, पुडुचेरी)
6. एम्स दिल्ली (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली)
7. सी.एम.सी. वेल्लोर (क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर)

**(नोट : इन संस्थानों से डिग्री प्राप्त करने वाले छात्र देश-विदेश में उच्च पदों पर कार्यरत हैं और रेडिएशन ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में भारत की पहचान बना रहे हैं।)**

## यह मिल सकता है वेतन

शुरुआत में रेडियोथेरेपी टेक्नोलॉजिस्ट का वेतन 30,000 रुपये से 45,000 रुपये प्रतिमाह तक हो सकता है। अनुभव के साथ और सरकारी अस्पतालों या प्रतिष्ठित संस्थानों में यह वेतन 60,000 रुपये से 80,000 रुपये प्रति माह तक भी पहुंच सकता है। विदेशों में यह प्रोफेशन और भी अधिक सम्मानजनक और उच्च वेतन वाला माना जाता है। साथ ही, जैसे-जैसे नई तकनीकें आ रही हैं जैसे आईएमआरटी-तीव्रता मॉड्युलेटेड रेडिएशन थेरेपी, आईजीआरटी-इमेज गाइडेड रेडिएशन थेरेपी, एसआरएस/एसआरटी-स्टीरियोटैक्टिक रेडियोसर्जरी/स्टीरियोटैक्टिक रेडियोथेरेपी, एसबीआरटी-स्टीरियोटैक्टिक बॉडी रेडिएशन थेरेपी आदि इस क्षेत्र में विशेषज्ञता रखने वालों की मांग और बढ़ रही है। निजी स्वास्थ्य संस्थान अब योग्य रेडिएशन टेक्नोलॉजिस्ट को आकर्षक वेतन पैकेज दे रहे हैं।

## यहां नौकरी के अवसर

**रेडियोथेरेपी कोर्स के बाद छात्र निम्न संस्थानों में नौकरी कर सकते हैं।**

- कैंसर स्पेशलिटी हॉस्पिटल्स
- मेडिकल कॉलेज व रिसर्च सेंटर
- प्राइवेट डायग्नोस्टिक और रेडिएशन यूनिट्स
- सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रमों के तहत
- अंतरराष्ट्रीय हेल्थकेयर संगठनों में
- इसके अतिरिक्त, अनुभवी टेक्नोलॉजिस्ट रिसर्च, हेल्थ एजुकेशन, मेडिकल इक्विपमेंट कंपनियों या हेल्थ मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में भी अपना करियर बना सकते हैं।

# हर नया दिन आपको सपनों को हकीकत में बदलने, बाधाओं को पार करने का देता मौका



**मोटिवेशनल**

**डॉ. दिव्या तंवर**

छात्र जीवन एक ऐसी यात्रा है जो चुनौतियों, अवसरों और भविष्य को आकार देने वाले पलों से भरी होती है। हर नया दिन आपके सपनों को हकीकत में बदलने, बाधाओं को पार करने और सफलता की ओर बढ़ने का एक मौका देता है। यह पल आपके लिए है अपनी ऊर्जा को संजोने, अपने मन को एकाग्र करने और अपनी रचनात्मकता को प्रज्वलित करने का समय। यह व्याकुलता का नहीं, बल्कि दृढ़ निश्चय का समय है वर्तमान को थामने और उज्जवल भविष्य को गढ़ने का अवसर। छात्रों को अक्सर पढ़ाई, व्यक्तिगत विकास और तेजी से बदलती दुनिया की अपेक्षाओं के बीच संतुलन बनाने का भारी दबाव झेलना पड़ता है। हतोत्साहित होना या अपने लक्ष्यों से भटक जाना स्वाभाविक लग सकता है। लेकिन हर सुबह, हर बीतता क्षण, आपके सपनों के प्रति फिर से समर्पित होने का आह्वान है।

## सोचे-समझे कदमों से करें शुरुआत

दिन के ये शुरुआती पल रचनात्मकता और मेहनत के लिए एक खुला कैनवास हैं। सोशल मीडिया, आत्म-संदेह या आलस्य जैसे व्याकुलताओं के आगे झुकने के बजाय, इस समय को अपनी प्रेरणा को बढ़ाने और अपनी ऊर्जा को सार्थक कार्यों में लगाने के लिए उपयोग करें। जैसा कि एक प्रेरक हिंदी कथन कहता है कि सुबह का यह पल तुम्हारा है। मेहनत और सपनों के साथ आगे बढ़ो, क्योंकि हर कदम तुम्हें तुम्हारे लक्ष्य के करीब ले जाता है। यह उद्धरण इस पल को थामने के सार को दर्शाता है। सुबह का यह समय, जब दुनिया संभावनाओं से भरी जाग रही होती है, आपके लिए एक नई शुरुआत है। आपकी मेहनत, आपके प्रिय सपनों के साथ मिलकर, आपको आगे बढ़ा सकती है। चाहे आप परीक्षा की तैयारी कर रहे हों, किसी प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हों, या अपनी रुचियों को खोज रहे हों, यह वह समय है जब आपको पूरे उद्देश्य के साथ कार्य करना है। रचनात्मकता एक छात्र के रूप में आपकी सबसे बड़ी ताकत है। यह केवल किताबी ज्ञान या तथ्यों को रटने तक सीमित नहीं है; यह नए दृष्टिकोण अपनाने, अनोखे समाधान खोजने और चुनौतियों को रचनात्मक ढंग से हल करने के बारे में है। लेकिन व्याकुलताएं रचनात्मकता की सबसे बड़ी दुश्मन हैं। वे आपका ध्यान भटकाती हैं और उस ऊर्जा को कमजोर करती हैं जिसे आप सीखने और विकास में निवेश कर सकते हैं। अपने लक्ष्यों को क्षणिक प्रलोभनों से ऊपर रखकर, आप अपने भविष्य को आकार देने की शक्ति को फिर से हासिल करते हैं। इस पल का अधिकतम लाभ उठाने के लिए, छोटे-छोटे, सोचे-समझे कदमों से शुरुआत करें। दिन के लिए स्पष्ट और प्राप्य लक्ष्य बनाएं, अपने कार्यों को छोटे हिस्सों में बांटें और अपनी हर छोटी उपलब्धि का उत्सव मनाएं।

## हर सफल व्यक्ति एक छात्र

अपने चारों ओर सकारात्मकता लाएं -चाहे वह प्रेरक दोस्त हों, मार्गदर्शक शिक्षक हों, या एक शांत स्थान जो आपके विचारों को उड़ान दे। याद रखें, हर सफल व्यक्ति कभी एक छात्र था, जिसने हार नहीं मानी, जिसने सुविधा के बजाय संघर्ष को चुना, और जिसने हर चुनौती को एक अवसर के रूप में देखा। सुबह का यह समय आपके सपनों के प्रति आपकी प्रतिबद्धता का प्रतीक बने। दुनिया आपके अनोखे योगदान, आपके विचारों और आपकी दृढ़ता की प्रतीक्षा कर रही है। इस पल को अपनाएं, अपनी रचनात्मकता को प्रज्वलित करें और अपने लक्ष्यों की ओर साहसपूर्वक कदम बढ़ाएं। एक छात्र के रूप में आपकी यात्रा केवल मंजिल तक पहुंचने की नहीं है यह उस रास्ते में अपने सर्वश्रेष्ठ स्वरूप को खोजने की है। तो, उठें, कर्म करें और हर क्षण को अमूल्य बनाएं।

### खुद पर भरोसा करो, क्योंकि तुम्हारी ताकत तुम्हारे भीतर छिपी है

आत्मविश्वास सफलता की नींव है। यह उद्धरण छात्रों को अपनी आंतरिक शक्ति को पहचानने और उसका उपयोग करने के लिए प्रेरित करता है। जब आप खुद पर विश्वास करते हैं, तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं लगता। छात्र जीवन एक ऐसी अवस्था है जहां हर दिन एक नया सबक लाता है। इन प्रेरणादायक उद्धरणों को अपने साथी बनाएँ और हर चुनौती को एक अवसर के रूप में देखें। जैसा कि पहले उद्धरण में कहा गया, "सुबह का यह पल तुम्हारा है। मेहनत और सपनों के साथ आगे बढ़ो, क्योंकि हर कदम तुम्हें तुम्हारे लक्ष्य के करीब ले जाता है।" इस पल को थामें, अपने भीतर की रचनात्मकता और जुनून को जगाएं, और अपने सपनों की ओर बढ़ते रहें। आपमें वह शक्ति है जो आपको दुनिया की ऊंचाइयों तक ले जा सकती है बस उस पर विश्वास करें और कदम बढ़ाएं।

## सामान्य ज्ञान

**1.** यंग प्रत्यास्थायता गुणांक का एसआई मात्रक है
(ए) डाइन/सेमी.
(बी) न्यूटन/मी.
(सी) न्यूटन/मी.$^2$
(डी) मी.$^2$/से.

**2.** निम्नलिखित युग्मों में से किन भौतिक राशियों के सामान विमीय सूत्र नही है ?
(ए) बल एवं दाब
(बी) कार्य एवं उर्जा
(सी) आवेग एवं संवेग
(डी) भार एवं बल

**3.** एक खगोलीय इकाई संबंधित है -
(ए) सूर्य एवं पृथ्वी के बीच की दूरी से
(बी) चन्द्रमा एवं पृथ्वी के बीच की दूरी से
(सी) सूर्य, चन्द्रमा के बीच की दूरी से
(डी) उपरोक्त में से कोई नही

**4.** निम्नलिखित में से कौन-सी अविमीय राशि है ?
(ए) विकृति
(बी) श्यानता गुणांक
(सी) गैस नियतांक
(डी) प्लांक नियतांक

**5.** निम्नलिखित में से कौन एक सदिश राशी नही है
(ए) संवेग
(बी) वेग
(सी) कोणीय वेग
(डी) द्रव्यमान

**6.** अदिश राशी है
(ए) उर्जा
(बी) बल आघूर्ण
(सी) संवेंग
(डी) उपरोक्त सभी

**7.** निम्नलिखित में से कौन सी एक सदिश राशी है
(ए) संवेंग
(बी) दाब
(सी) उर्जा
(डी) कार्य

**8.** निम्नलिखित में से कौन सी राशी सदिश नही है
(ए) विस्थापन
(बी) वेग
(सी) बल
(डी) आयतन

**उत्तर** 1.(सी) 2.(ए) 3.(ए) 4.(ए) 5.(डी) 6.(ए) 7.(ए) 8.(डी)

## खबर संक्षेप



रोहतक। मीटिंग को सम्बोधित करते पीडब्ल्यूडी मकैनिकल वर्करज यूनियन के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल यूनियन ने की बैठक

**रोहतक।** पीडब्ल्यूडी मकैनिकल वर्करज यूनियन संबंधित हरियाणा सयुंक्त कर्मचारी संघ की मीटिंग सोनीपत स्टैंड स्थित यूनियन कार्यालय में जिला उप प्रधान नसीब फौजी की अध्यक्षता में सम्पन हुई। मीटिंग का संचालन जिला सचिव सज्जन सिंह ने किया। मीटिंग में यूनियन के चुनाव के बारे अवगत कराया। जिला प्रधान अनिल ब्लाहरा ने सभी ब्रांचों के पदाधिकारियों को आने वाली 14 नवंबर को कर्मचारियों की लंबित पड़ी मांगों को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर होने जा रहे आंदोलन मे सभी कर्मचारियो को बढ़ चढ़ कर भाग लेने के लिए जागरूक किया। राज्य उप प्रधान दलबीर सैनी, राकेश जांगड़ा ने सभी कर्मचारियों की समस्याए सुनी और जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान करवाने का आश्वासन दिया।



### प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में प्रभात फेरी प्रारंभ

रोहतक। आगामी 5 नवंबर को सिख धर्म के संस्थापक एवं प्रथम गुरु, श्री गुरु नानक देव साहिब के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में स्थानीय डीएलएफ कॉलोनी स्थित गुरुद्वारा बाबा सोमा शाह की संगत द्वारा आज से प्रभात फेरी कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। हेड ग्रंथी भाई गुरजीत सिंह ने बताया कि प्रभात फेरियों का यह सिलसिला 12 दिनों तक चलेगा। अमृत वेले अरदास के बाद निशान साहिब की अगुवाई में प्रभात फेरी शुरू हुई।

### भारत-अफगान रिश्तों को लेख से बताया

**रोहतक।** बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय की पीएचडी स्कॉलर



सोनिका कादयान ने भारत और अफगानिस्तान के संबंध वर्तमान परिदृश्य शीर्षक से एक महत्वपूर्ण लेख लिखा है। इसमें उन्होंने भारत और अफगानिस्तान के बीच प्राचीन काल से लेकर वर्तमान तक के संबंधों का विस्तारपूर्वक विश्लेषण किया है। लेख में उन्होंने बताया है कि भारत और अफगानिस्तान के संबंध केवल राजनीतिक या आर्थिक नहीं, बल्कि गहरे सांस्कृतिक और सभ्यतागत बंधन पर आधारित हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार, भाषा, धर्म और संस्कृति के माध्यम से हजारों वर्षों से जुड़ाव रहा है। उन्होंने 2021 में तालिबान के पुन सत्ता में आने के बाद संबंधों की बदली हुई प्रकृति पर विशेष रूप से प्रकाश डाला है। भारत ने अफगान जनता की सहायता, स्थिरता और मानवीय कूटनीति को प्राथमिकता देते हुए तालिबान सरकार को औपचारिक मान्यता नहीं दी, लेकिन मानवीय सहयोग जारी रखा है।

### नृत्य कला के माध्यम से टीम वर्क का दिया संदेश

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स एक्टिविटी सेंटर में डांस क्लब एडवाइजर डॉ अंजू पंवार के मार्गदर्शन में डांस क्लब की पहली गतिविधि का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. सपना गर्ग, डीन, स्टूडेंट्स वेलफेयर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए नृत्य के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नृत्य केवल एक कला नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा के संतुलन का माध्यम है। नृत्य व्यक्ति को अनुशासित, ऊर्जावान और मानसिक रूप से सशक्त बनाता है। प्रो. गर्ग ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे नृत्य के माध्यम से भारतीय संस्कृति, परंपरा और सामूहिकता की भावना को जीवंत बनाए रखें। डिप्टी-डीन छात्र कल्याण विभाग प्रो. सोनू देहमीवाल ने नर्तकों के बीच टीम वर्क के महत्व पर बल दिया।

# श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ, कलश यात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिवस का शुभारंभ बाबा लक्ष्मणपुरी डेरा गौकर्ण धाम से गौकर्ण पीठाधीश्वर, जूना अखाड़ा के उपाचार्य 1008 महामण्डलेश्वर कपिलपुरी महाराज के पावन सान्निध्य में हुआ। कथा स्थल गढ़ी मोहल्ला स्थित खटीक मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो स्वामी परमानन्द धर्मार्थ ट्रस्ट के चेयरमैन एवं कथा परीक्षित पं. विजय कुमार शर्मा वृंदावन वाले तथा पं. रमाशंकर दीक्षित के संयोजन में ढोल-नगाड़ों और भजनों के साथ नाचते-झूमते श्रद्धालुओं की उपस्थिति में सम्पन्न हुई।कपिलपुरी महाराज ने अपने अपने सम्बोधन में कहा कि भागवत कथा का श्रवण मनुष्य जीवन का परम सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि धर्म, भक्ति और प्रेम के मार्ग पर चलने वाला व्यक्ति ही सच्चे अर्थों में ईश्वर का प्रिय बनता है। महाराज ने बताया कि भागवत कथा आत्मा को शुद्ध करने और जीवन में शांति स्थापित करने का दिव्य माध्यम है।



रोहतक। कलश यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करते स्वामी कपिल पुरी महाराज। *फोटो : हरिभूमि*

### भागवत कथा सुनने से मिलती सुख-शांति

कथा व्यास आचार्य देवशरण वृंदावन वाले ने प्रथम दिवस श्रीमद्भागवत महापुराण के महात्म्य प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि भागवत कथा सुनने से मनुष्य के जीवन में सद्गुण, शांति और आनंद का संचार होता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं हमें जीवन में प्रेम, करुणा और सत्य का संदेश देती हैं। आचार्य ने बताया कि ईश्वर को समर्पण ही मोक्ष का मार्ग है, और भक्ति में लीन रहकर ही मनुष्य सांसारिक दुखों से मुक्त हो सकता है। उन्होंने धर्म, प्रेम और सेवा को जीवन का आधार बताया। अंत में उन्होंने कहा कि जो श्रद्धा और विश्वास से कथा सुनता है, वह निश्चित ही भगवान की कृपा का अधिकारी बनता है।

#### ये रहे मौजूद

भाजपा के सह-जिला मीडिया प्रभारी पं. लोकेश शर्मा, सचिव योगेश शर्मा, मधु शर्मा दीक्षित, पुष्पा देवी, गौरव शर्मा, माधव दीक्षित, रिंकू कपूर, शोभा बिड़लान, भतेरी, उषा खन्ना, रजनी, उर्मिला, वर्षा, पूजा, निशा, आरती, संतोष, कविता, कोमल, रीना, सुमन, पायल, शीला, गीता, कीर्ति, मीनू, राजेंद्र, मल्केराज, प्रेम सैनी, बिल्लू, बंटी, भावेश, जॉनी, धर्मेन्द्र, मोतीलाल, विनोद खन्ना, अजय, रामपत सैनी तथा धरमपाल सैनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

### किसान फसल अवशेषों का करें उचित प्रबंधन

**रोहतक।** रोहतक के उपमंडलाधीश आशीष कुमार ने किसानों का आह्वान करते हुए कहा कि वे धान की फसल के अवशेषों को आग न लगायें तथा इन फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करें। फसल अवशेषों को जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होता है और भूमि उपजाऊ शक्ति भी घट जाती है। प्रदूषण से सभी प्राणियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उपमंडलाधीश आशीष कुमार जिला के डोभ, कलानौर, जिंदराण, निंगाना, आंवल व लाहली गांवों में किसानों को फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करने बारे जागरूक करने के साथ-साथ जल निकासी कार्यों की समीक्षा कर रहे थे।

### विधायक बनते ही बलराम दांगी ने किया था दौरा, कहा था शीघ्र बनेगा रोड

# लाखन माजरा में महम रोड बना तालाब आए दिन दुर्घटनाग्रस्त हो रहे वाहन

- *जलभराव के साथ सड़क में बने गहरे गड्ढे बढ़ा रहे परेशानी*
- *आए दिन हो रहे हादसे लोगों को पहुंचा रहे अस्पताल*

दिनभर यहां से भिवानी व महम से चंडीगढ़ और गोहाना की ओर जाने वाली सहकारी समिति और रोडवेज की बसों के वाहन चालकों और यात्रियों को भी दिक्कत होती है,माल वाहक वाहनों का तो यहां से आना-जाना एकदम बंद हो गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

एक साल से भी ज्यादा लंबे समय से लाखन माजरा गांव में गोहाना महम मार्ग पर गहरे और चौड़े गड्ढे बने हुए हैं। अब इन गड्ढों ने तालाब का रूप ले लिया है। भिवानी, हांसी, महम, चांग, निंदाना, बैंसी, गुगाहेड़ी व फरमाणा समेत विभिन्न गांवों और शहरों के लोगों को यहां से गुजरते समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दिनभर यहां से भिवानी व महम से चंडीगढ़ और गोहाना की ओर जाने वाली सहकारी समिति और रोडवेज की बसों के वाहन चालकों और यात्रियों को भी दिक्कत होती है। माल वाहक वाहनों का तो यहां से आना जाना बंद हो गया है।

क्योंकि पानी से भरे इन गड्ढों में वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। कई बार यात्री वाहन भी कीचड़ में फंस जाते हैं। गांव के लोगों को भी आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। एक साल पहले भी लोग सड़क न बनने से परेशान थे। राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा भी कई बार महम गोहाना रोड के निर्माण पर करोड़ों रुपए खर्च किए जाने का दावा कर चुके हैं और कहते हैं कि जल्द ही इस सड़क पर काम शुरू हो जाएगा। लेकिन उनके बयान को भी महीनों बीत चुके हैं, लेकिन लाखन माजरा में गोहाना रोड का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है।



**महम।** लाखन माजरा गांव में तालाब बन चुका महम गोहाना रोड। फोटो : हरिभूमि

**dd**

नवनिर्वाचित विधायक बलराम दांगी इस सड़क का मुआयना करने पहुंचे थे और उन्होंने दावा किया था कि जल्द ही इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। इसे लेकर लोगों में काफी आक्रोश पनप रहा है

#### वाहन चालकों ने बताया अपना दर्द, दुश्वारी से भारी परेशानी

वाहन चालक सुशील कुमार जाटान, प्रवेश कुमार, बलवान सिंह, सुनील कुमार, धर्मबीर राममेहर, सतीश और महेंद्र सिंह ने बताया कि लाखन माजरा जाना पड़ता है तो बहुत मन दुखी होता है, क्योंकि इन गहरे और पानी से भरे गड्ढों के बीच से वाहन गुजारना पड़ता है। गड्ढों में वाहन क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। खासकर बैंसी, निंदाना, गुगाहेड़ी के दैनिक यात्रियों को अधिक दिक्कत होती है, क्योंकि उनको तो लाखन माजरा जाने के लिए यही रास्ता नजदीक है। लाखन माजरा गांव के लोगों का कहना है कि कुछ जगह पर धूल का गुब्बार उड़ता है और कुछ जगह पर गंदे पानी से बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों और वाहन चालकों ने लाखन माजरा गांव में टूटे हुए राजमार्ग का निर्माण करवाने की मांग की है।



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते महामण्डलेश्वर स्वामी राघवेन्द्र भारती, एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन व बाबा सुखा शाह। फोटो : हरिभूमि

### संतों की याद में 26 को होगा वार्षिक सम्मेलन

**रोहतक।** टिकाना संत बाबा सांवल शाह द्वारा हर वर्ष की भांति संत महापुरुषों की याद में वार्षिक सम्मेलन एवं भण्डारा टिकाना संत बाबा सांवल शाह महाराज के आर्शीवाद से 26 अक्टूबर को भिवानी रोड पर स्थित दि रेडिऐंट गार्डन में बड़ी धूमधाम से आयोजित होगा। महामण्डलेश्वर स्वामी राघवेन्द्र भारती, एलपीएस बोसार्ड के एमडी राजेश जैन, बाबा सुखा शाह ने संबोधित करते हुए बताया की सुबह 10 बजे सतसंग प्रांरभ, दोपहर 1 बजे सतसंग उपरांत विशाल भण्डारा लगाया जाएगा। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध संगीतकार हेमन्त बृजवासी अपने कालाकारों के साथ भगवान का गुणगाण करेंगे। इस कार्यक्रम में साधू संत जलंधर, कलानौर, रोहतक, दिल्ली, हरिद्वार, कुरुक्षेत्र, पानीपत से सभी संत एवं शहरों के गणमान्य व्यक्ति, केन्द्र सरकार एवं हरियाणा से विशेष रूप से नेतागण कार्यक्रम में पधार रहे हैं। हजारों की संख्या में श्रद्धालुगण भी सम्मेलन में भाग लेंगे।



**रोहतक।** आनंद पर्व मौके पर मौजूद शिक्षक व छात्र। फोटो : हरिभूमि

### आनन्द पर्व का समापन आज

रोहतक। डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल दिल्ली रोड में आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि उपसभा, हरियाणा के तत्वावधान में 15 अक्तूबर से 24 अक्तूबर 2025 तक आयोजित होने वाले 'आनन्द पर्व' का आज समापन हो गया। इस अवसर पर कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया, जिसकी उपस्थित सभी ने भूरि भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर सुन्दरपुर कुटिया से पधारे वानप्रस्थी धर्मपाल, राजकुमार व सन्तोष कुमार कुमार ने सुन्दर भजन प्रस्तुत किए व उपदेश दिया। प्रधानाचार्य शंकर लाल ने हुए सभी महानुभावों का धन्यवाद किया और 'सह नौ भुनक्तु' का प्रयास करने के लिएअपने सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

# एमडीयू में अंतर महाविद्यालय जूडो प्रतियोगिता में अजय ने जीता स्वर्ण

- श्रीलाल नाथ हिंदू महाविद्यालय के छात्र ने किया कॉलेज का नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की ओर से 18 अक्टूबर 2025 को विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में अंतर महाविद्यालय जूडो पुरुष वर्ग श्रेणी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेशभर के विभिन्न महाविद्यालयों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

श्रीलाल नाथ हिंदू महाविद्यालय के खेल एवं शारीरिक शिक्षा विभाग के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार ने बताया कि महाविद्यालय के छात्र अजय (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया और स्वर्ण पदक जीतकर कॉलेज व शहर का नाम रोशन किया। विजेता खिलाड़ी अजय के कॉलेज लौटने पर प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने उसे बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि अजय ने कड़ी मेहनत और लगन से यह उपलब्धि हासिल की है, जो अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। प्राचार्य ने उसे भविष्य में भी इसी तरह मेहनत कर नए कीर्तिमान स्थापित करने का आशीर्वाद दिया। इस मौके पर वरिष्ठ प्राध्यापकगण डॉ. रश्मि छाबड़ा, डॉ. रजनी गहलावत और कुमारी ललिता ने भी अजय को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



रोहतक। विजेता खिलाड़ियों को उत्साह बढ़ाते प्राचार्य। फोटो : हरिभूमि

# शिक्षा भारती का खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान के तत्वाधान एवं हिंदू शिक्षा समिति द्वारा संरक्षित शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गोहाना रोड के विद्यार्थियों ने बरनाला (पंजाब), में सर्वहितकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में 15 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित 36वे अखिल भारतीय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। यह आयोजन पूरे भारत के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों की उपस्थिति में राष्ट्रीय स्तर पर खेल भावना, एकता और अनुशासन का प्रेरणास्त्रोत बना। इस प्रतियोगिता में देश के 11 प्रांतों से लगभग 300 खिलाड़ी विभिन्न खेलों में भाग लेने हेतु पहुंचे। तीन दिनों तक मैदानों में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और खेल के प्रति समर्पण का परिचय देते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में अंडर-14 (U-14) बालिकाओं की नेटबॉल प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें विभिन्न राज्यों की टीमें भाग लेने पहुँचीं। इस श्रेणी में मुकाबले अत्यंत रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक रहे। नेटबॉल खेल में बालिकाओं ने अद्भुत तालमेल, चुस्ती, फुर्ती और रणनीति का प्रदर्शन किया। कठिन मुकाबलों के बाद U-14 बालिका वर्ग में टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने विद्यालय और प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया।



रोहतक। विजेता खिलाड़ियों को उत्साह बढ़ातं प्रधानाचार्य। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के माननीय अध्यक्ष डॉ. आदित्य बत्रा, उपाध्यक्ष उद्योगपति करन विग, प्रबंधक राम चरण सिंगला, कोषाध्यक्ष एसके गुप्ता , कार्यकारिणी सदस्या बीना कौशिक , डॉ. दिनेश मदान ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

#### प्रधानाचार्य ने किया छात्रों का उत्साहवर्धन

खिलाड़ियों की इस उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया कि परिश्रम, अनुशासन और टीम भावना से हर लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने इस अवसर पर कहा कि हमारे विद्यार्थियों की यह उपलब्धि मेहनत और अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। आशा है कि भविष्य में भी हमारे खिलाड़ी इसी तरह ऊंचाइयां प्राप्त करेंगे। हमारे विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनकी मेहनत, अनुशासन और लगन का परिणाम है। इस शानदार प्रदर्शन से न केवल उन्होंने विद्यालय का गौरव बढ़ाया है, बल्कि अन्य छात्रों को भी खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित किया है। आशा है कि भविष्य में भी हमारे छात्र इसी तरह ऊंचाइयां प्राप्त करेंगे। विद्यालय के खेल प्रमुख नमित दहिया ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा छात्रों ने कठिन परिश्रम और लगन से शानदार प्रदर्शन किया है। यह जीत केवल पदक की नहीं, बल्कि खेल भावना और टीमवर्क की भी जीत है।



### भाजपा जिलाध्यक्ष का जन्मदिन मनाया

**रोहतक।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणबीर ढाका का जन्मदिन मनाया तथा उनके लम्बी आयु की कामना की। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार शर्मा, महामंत्री नितिन जैन, कार्यालय सचिव बीर सिंह हुड्डा, अमित, सुखबीर चंदेलिया, ऊषा शर्मा, मनीष शर्मा, पदम दूल, बंसी विज, राजेश, अजय शर्मा, पंकज, गीता औहलयाण, नरेश गौड़, अशोक खत्री एडवोकेट, मनोज, गौरव बुधवार सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष एडवोकेट रणबीर ढाका को जन्मदिवस की हार्दिक बधाई दी। डॉ अशोक कुमार रंगा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कांस्य की प्रतिमा भेंट कर उन्हें उन्हें बधाई दी।

# महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महारानी किशोरी जाट कन्या महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा संयुक्त राष्ट्र दिवस के उपलक्ष में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का संयोजन राजनीतिक विज्ञान के प्राध्यापिका डॉ.अर्चना राठी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का विषय "संयुक्त राष्ट्र का अंतरराष्ट्रीय संबंधों और वैश्विक निर्णय निर्माण का प्रभाव" रहा है। इस विषय के माध्यम से छात्राओं को यह जानने का अवसर मिला कि यूएन का प्रभाव बहुत महत्वपूर्ण और बहुआयामी है। यह दुनिया के देशों को एक साथ लाने और मानवता को प्रभावित करने वाले मामलों पर नीतियों को तैयार करने का एक प्रमुख मंच प्रदान करता है। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रश्मि लोहचब अपने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास के साथ-साथ उन्हें सामाजिक विकास के प्रति भी संवेदनशील बनाती हैं



# लिंगानुपात में सुधार करना सबकी जिम्मेदारी : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा है कि लिंगानुपात में सुधार करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। सचिन गुप्ता आज गांव हसनगढ़ में सरकार की बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत गांव समचाना को बेस्ट विलेज अवार्ड मिलने पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे।

लिंगानुपात सुधारने में गांव समचाना को बेस्ट विलेज अवार्ड दिया गया है। जनवरी 2024 से लेकर दिसंबर 2024 तक समचाना गांव में 1000 लडक़ों के मुकाबले 1564 बेटियों ने जन्म लिया है।योजना के तहत उपायुक्त सचिन गुप्ता ने गांव समचाना की दसवीं कक्षा में उच्च स्थान प्राप्त करने वाली तीन बेटियों कोमल, भावना व नेहा को क्रमशः 75 हजार, 45 हजार तथा 30 हजार रुपए की राशि का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इसके साथ-साथ एसएमओ रीटा गोयल, चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल, सीडीपीओ डिंपल, गांव के सरपंच व स्कूल के प्राचार्य को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा से ही बेटी बचाओ-बेटी पढाओ का आह्वान किया था।

## खबर संक्षेप



रोहतक। पार्क निर्माण के कार्य का निरीक्षण करते निगम आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ।

### निगम क्षेत्र में चल रहे कार्यों का किया निरीक्षण

**रोहतक।** नगर निगम क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर चल रहे तकनीकी एवं निर्माण संबंधित विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। सबसे पहले गांव गढी बोहर में पार्क निर्माण के कार्य का निरीक्षण किया गया। मौके पर निगम अधिकारियों एवं एजेंसी को निर्देश दिए गए कि कार्य में तेजी लाई जाए तथा स्थानीय निवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कार्य में तेजी लाई जाए व कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करवाया जाए।

### एमएसएमई बिजनेस समिट गुरुग्राम में कल

**रोहतक।** राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन की ओर से आयोजित किए जाने वाले एमएसएमई बिजनेस समिट एवं उद्यम अवार्ड समारोह की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समिट को लेकर व्यापारी प्रतिनिधियों में उत्साह है। इसका अंदाजा समिट के लिए हुए पंजीकरण को देखकर लगाया जा सकता है। इस समारोह में केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे मुख्य अतिथि होंगीं। यह बात संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गुलशन डंग ने समिट की तैयारियों की जानकारी दी।

### जिंदरान में आई विजिन सेंटर खोलने की मांग

**रोहतक।** बाबा धरणीदास सेवा समिति जिंदरान ने गांव जिंदराण में आई विजिन सेंटर खोलने की मांग की है। समिति ने पीजीआई निदेशक को बकायदा मांग पत्र भेजा है। इसमें अशोक, रामचंद्र, जयसिंह, जगदीश, सूरजभान समेत अन्य लोगों ने बताया गया है कि आपके क्षेत्रीय नेत्र विज्ञान संस्थान द्वारा हर महीने के अंतिम शनिवार को सुबह ग्यारह से दोपहर दो बजे तक नेत्र शिविर का आयोजन किया जाना है। शिविर का शुभारंभ 25 से हो रहा है। पीजीआई हमारे गांव में आई विजिन सेंटर खोल देता है तो लोगों को नेत्र संबंधी बीमारियों को रोहतक नहीं आना पड़ेगा।

**गैर शिक्षक कर्मचारी संघ चुनाव**

# इस बार दीपक, तराजू और कुर्सी में त्रिकोणीय मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

- 30 अक्टूबर को आयोजित होने वाले इस चुनाव में अब तक तीन पैनल मैदान में आ चुके

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय के गैर शिक्षक कर्मचारी संघ चुनाव में इस बार दीपक, तराजू और कुर्सी में तिकोना मुकाबला होगा। आगामी 30 अक्टूबर को आयोजित होने वाले इस चुनाव में अब तक तीन पैनल मैदान में आ चुके हैं। चीफ इलेक्शन ऑफिसर सुरेश पाल राठी ने बताया कि इस बार गैर शिक्षक कर्मचारी संघ चुनाव में कर्मचारी स्वाभिमान मंच चुनाव चिन्ह दीपक, कर्मचारी सुरक्षा मंच चुनाव चिन्ह तराजू और कर्मचारी विकास मंच चुनाव चिन्ह कुर्सी के प्रत्याशी आमने-सामने हैं। कर्मचारी स्वाभिमान मंच से प्रधान पद के लिए अजमेर सिंह, उप प्रधान पद के लिए ज्ञान चंद, महासचिव पद के लिए सुनील सैनी, सह सचिव पद के लिए रामेश्वर कुमार और कोषाध्यक्ष पद के लिए विनोद कुमार मैदान में हैं।

**अपना फार्म जमा करवाते पदाधिकारी**



**कर्मचारी सुरक्षा मंच** कर्मचारी सुरक्षा मंच से प्रधान पद के लिए सुरेश कौशिक, उप प्रधान पद के लिए प्रेम सिंह सजवाण, महासचिव पद के लिए विजय पाल धनखड़, सह सचिव पद के लिए राज कुमार रंगा और कोषाध्यक्ष पद के लिए राजेश शर्मा मैदान में हैं। कर्मचारी विकास मंच से प्रधान पद के लिए विकास गिल, उप प्रधान पद के लिए हरदीप हुड्डा, महासचिव पद के लिए रविंदर लोहिया, सह सचिव पद के लिए डॉ वरुण कुमार सैनी और कोषाध्यक्ष पद के लिए सुनील सुतवाल मैदान में हैं।कार्यकारी परिषद सदस्य के लिए अजय कुमार, रविंद्र कुमार, रामबीर, नवीन, जसविंदर कुमार, रणधीर सिंह, सीता राम, धर्मपाल, परविंदर कुमार, राम निवास, भूदत्त, पवन कुमार, धीरज कुमार को सर्वसम्मति से चुना गया है। खैराती लाल इस चुनाव के इलेक्शन ऑफिसर और सुनील दहिया असिस्टेंट इलेक्शन ऑफिसर हैं।

***पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिग विभाग ने कार्यभार संतुलित करने के लिए डिवीजन-2 व डिवीजन-3 में किया नया बंटवारा***

# शहर में जलापूर्ति और सीवरेज सिस्टम अब दो हिस्सों में बंटा

विभाग ने शहर के चार उपमंडलों की जिम्मेदारियां नई व्यवस्था के तहत तय की हैं। उपमंडल नंबर 2 और उपमंडल नंबर 9 को डिवीजन नंबर 2 के अधीन रखा गया, जबकि उपमंडल नंबर 6 और हॉर्टिकल्चर उपमंडल अब डिवीजन नंबर 3 के तहत आएंगे। इन सभी क्षेत्रों का नक्शा तैयार कर प्रस्ताव के साथ जोड़ा गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर में बढ़ते काम के बोझ और लगातार फैलते जलापूर्ति एवं सीवरेज नेटवर्क को देखते हुए पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग विभाग ने बड़ा प्रशासनिक बदलाव किया है। विभाग ने अब शहर की जलापूर्ति और सीवरेज व्यवस्था को दो हिस्सों में बांट दिया है, ताकि काम बेहतर ढंग से हो सके और नागरिकों को समय पर सुविधाएं मिलें। इसके लिए डिवीजन नंबर 2 और डिवीजन नंबर 3 के बीच जिम्मेदारियों का नया बंटवारा किया गया है। इस संबंध में अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण सर्कल, रोहतक की ओर से अधीक्षक अभियंता, हरियाणा पंचकूला को आधिकारिक पत्र भेजा गया है।

पत्र में बताया गया है कि लगातार बढ़ते कार्यभार और शहर के विस्तार को ध्यान में रखते हुए दोनों डिवीजनों के तहत आने वाले उपमंडलों की सीमाएं और जिम्मेदारियां बदल दी गई हैं। इससे अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में निगरानी रखने में आसानी होगी और सेवाएं अधिक प्रभावी ढंग से दी जा सकेंगी। अधीक्षण अभियंता ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में शहर की आबादी तेजी से बढ़ी है और नए सेक्टर, कॉलोनियां व औद्योगिक क्षेत्र विकसित हुए हैं। इस कारण जलापूर्ति और सीवरेज सिस्टम का दायरा भी बढ़ गया है। ऐसे में जरूरत थी कि काम को दो हिस्सों में बांटकर दोनों डिवीजनों का बोझ संतुलित किया जाए, ताकि निगरानी आसान हो और किसी भी क्षेत्र में लापरवाही की गुंजाइश न रहे।

***चार उपमंडलों की जिम्मेदारियां भी नई व्यवस्था के तहत की***

***भविष्य में किसी तरह की भ्रम की स्थिति न बने***




**बदलाव से काम की निगरानी भी आसानी से होगी**

अधिकारियों का कहना है कि इस बदलाव से काम की निगरानी आसान होगी और सफाई, पाइपलाइन मरम्मत व पानी की आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों का समाधान तेजी से किया जा सकेगा। अब प्रत्येक उपमंडल अपने क्षेत्र में नियमित निरीक्षण करेगा और रिपोर्ट तैयार कर मुख्यालय को भेजेगा। इससे हर क्षेत्र में काम की प्रगति और समस्याओं की वास्तविक स्थिति का पता लगाना आसान होगा।

**नए प्रस्ताव: डिवीजनों के बीच काम बराबर बंट जाएगा**

नए प्रस्ताव के अनुसार, पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग डिवीजन नंबर 2 को अब दिल्ली-हिसार रोड के दाहिने हिस्से का जलापूर्ति और सीवरेज सिस्टम सौंपा गया है। जबकि डिवीजन नंबर 3 को इसी रोड के बाईं तरफ के क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई है। इससे दोनों डिवीजनों के बीच काम बराबर बंट जाएगा और सभी इलाकों में सेवाएं सुचारू रूप से दी जा सकेंगी।

***अधिकारी बोले अब होगी बेहतर सेवा और पारदर्शिता***

*अधीक्षण अभियंता शिवराज सिंह ने कहा कि यह फैसला पूरी तरह से सार्वजनिक हित में लिया गया है। उन्होंने बताया कि विभाग की प्राथमिकता है कि शहर के हर नागरिक को स्वच्छ पानी और दुरुस्त सीवरेज व्यवस्था मिले। उन्होंने कहा कि इस बदलाव के बाद दोनों डिवीजनों के अधिकारी अपने-अपने इलाकों में जिम्मेदारी के साथ काम करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि किसी भी क्षेत्र में जलापूर्ति या सीवरेज से जुड़ी समस्या ज्यादा समय तक न बनी रहे। डिवीजनों और उपमंडलों का नया बंटवारा काम में तेजी और पारदर्शिता लाने में मदद करेगा। इससे नागरिकों की शिकायतों का निपटारा जल्दी हो सकेगा और विभागीय कार्यप्रणाली में सुधार आएगा। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे नए क्षेत्रीय सीमांकन के अनुसार कार्यभार संभालें और नियमित रूप से अपनी प्रगति रिपोर्ट दें।*

# एमडीयू में रोजगार कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय की करियर काउंसलिंग और प्लेसमेंट सेल, सेंटर फॉर मेडिकल बायोटेक्नोलॉजी और सेंटर फॉर बायोइनफॉर्मेटिक्स द्वारा महिंद्रा प्राइड क्लासरूम के सहयोग से आयोजित सात दिवसीय रोजगार कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो गया।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो एससी मलिक ने कहा कि यह प्रशिक्षण शैक्षणिक ज्ञान को उद्योग से संबंधित कौशल के साथ जोड़ने के लिए महत्वपूर्ण है, जिससे छात्रों को बहु-विषयक वैज्ञानिक और कॉर्पोरेट क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ प्राप्त होता है। सीसीपीसी निदेशक प्रो दिव्या मल्हान ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य छात्रों के संज्ञानात्मक कौशल, अनुभव आधारित सीखने और कार्यस्थल अनुकूलन क्षमता को बढ़ाना था, जिससे उनमें आत्मविश्वास, आलोचनात्मक सोच और पेशेवर शालीनता का विकास हुआ। डिप्टी डायरेक्टर प्रो सविता राठी ने कार्यक्रम की व्यवस्थित रूपरेखा की सराहना की, जिसने छात्रों को जटिल पेशेवर वातावरण में स्पष्टता और लचीलापन के साथ काम करने में मदद की।

**प्रशिक्षण की महत्वाकांक्षी क्षमता पर जोर दिया**

सीएमबीटी के निदेशक डॉ. हरी मोहन और सेंटर फॉर बायोइनफॉर्मेटिक्स की निदेशक डॉ. महक डांगी ने इस प्रशिक्षण की महत्वाकांक्षी क्षमता पर जोर दिया, जो छात्रों को समग्र और भविष्य-तैयार पेशेवर बनाने में सहायक है। महिंद्रा प्राइड क्लासरूम के मास्टर ट्रेनर विनीत मेहता ने छात्रों को संचार, नेतृत्व, प्रस्तुति कौशल, साक्षात्कार तैयारी, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और समय प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सघन सिमुलेशन आधारित प्रशिक्षण दिया। छात्र नचिकेता, मुस्कान, अल्का और हिमांशी ने बताया कि कार्यक्रम से उनके आत्मविश्वास, पेशेवर शालीनता और करियर की तैयारी में स्पष्टता बढ़ी है। फैकल्टी कोऑर्डिनेटर्स डॉ. अजीत कुमार, डॉ. अमिता सुनेजा डंग, डॉ. अनिल कुमार और डॉ. रश्मि भारद्वाज ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन में योगदान दिया।

### डीएवी पब्लिक स्कूल समूह परामर्श सत्र आयोजित



**रोहतक।** डीएवी पब्लिक स्कूल में समूह परामर्श सत्र आयोजित किया गया, जो छात्रों के लिए बहुत सहायक रहा है। एक प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक डॉ. कर्मवीर ने सत्र का नेतृत्व किया, जो वास्तव में बहुत ज्ञानवर्धक था। छात्रों ने सत्र को विशिष्ट समस्याओं का समाधान करने और मुकाबला करने की रणनीतियां विकसित करने में सहायक पाया। साझा अनुभव: समान चुनौतियों का सामना करने वालों के साथ जुड़ना वास्तव में शक्तिशाली हो सकता है। सहानुभूति और समझ: साथी छात्रों के दृष्टिकोण और समर्थन से बहुत फर्क पड़ सकता है। सामाजिक कौशल विकास: समूह सेटिंग में संचार और संबंध कौशल का अभ्यास करने में मदद मिलती है। प्रधानाचार्य रिंकु वर्मा ने डॉ. कर्मवीर को छात्रों के कल्याण के लिए अपना मूल्यवान समय और शब्द देने के लिए धन्यवाद दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# एनसीसी में एमडीएन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों की गौरवपूर्ण उपलब्धि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

8 अक्टूबर से 17 अक्तूबर 2025 तक आयोजित वार्षिक एनसीसी शिविर में एमडीएन पब्लिक स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का नाम रोशन किया। इस शिविर में 25 विद्यालयों के 664 कैडेट्स ने भाग लिया।शिविर में हमारे कैडेट्स ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अद्भुत उपलब्धियां हासिल कीं। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में एंजल, भावना और हिमानी ने स्वर्ण पदक जीते, जबकि भूमिका, साक्षी और कनिष्का ने रजत पदक प्राप्त किए। भूमिका ने सर्वश्रेष्ठ कैडेट ऑफ कैंप का गौरवशाली खिताब अर्जित किया और ड्रिल प्रतियोगिता में भी द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हमारे स्कूल की छात्राओं ने सर्वश्रेष्ठ ड्रिल (ऑल गर्ल्स) में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी दक्षता और अनुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में एंजल और भूमिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त एंजल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेकर अपनी कला और दक्षता से सभी का मन जीत लिया।प्रधानाचार्या मीनू टहल्यानी ने सभी विजेताओं को बधाई दी और भविष्य में भी इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेकर अपने कौशल और आत्मविश्वास को विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

### हरियाणा रोडवेज कर्मचारी संघ की आपात बैठक में कर्मियों की मांगों पर चर्चा

**रोहतक।** हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ की आपात बैठक शुक्रवार को यूनियन कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डिपो के मुख्य सलाहकार जयपाल पान्नू ने की, जबकि संचालन रोहतक डिपो प्रधान संदीप सिंघवा ने संभाला। इस बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं और मांगों पर गहन मंथन किया गया। कर्मचारियों में भारी रोष को देखते हुए यूनियन ने एकमत निर्णय लिया कि शीघ्र ही महाप्रबंधक से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। बैठक में कर्मचारियों की मुख्य मांगों में रात्रि भत्ते और ओवर टाइम का भुगतान, बकाया वर्दी व जूते भत्ते का भुगतान, निजी बसों की मनमानी पर रोक, बस स्टैंड से अवैध दुकानों को हटाना, वर्दी वाशिंग भत्ता पुन चालू करना, ड्यूटी में वरिष्ठता का पालन और बीमार या चोटग्रस्त कर्मचारियों को अन्य ड्यूटी देना शामिल है। इस बैठक में सचिव मुनीष अहलावत, चैयरमैन सुनील अहलावत, वरिष्ठ उपप्रधान सुरेन्द्र मकडौली, अशोक हुड्डा, अमित रेड्डी, नरेश जसबीर, प्रवीन, देवेन्द्र दलाल, कुलदीप, अमित ढिगाना, सुनील खटक सहित सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।

**पांच साल बाद आया फैसला**

# जानलेवा हमले के चार आरोपित सबूतों के अभाव में कोर्ट से बरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महम

पांच साल पहले 2020 में दीपावली के दिन महम थाने में जानलेवा हमले के आरोप में चार लोगों पर केस दर्ज किया गया था। पांच साल मामला कोर्ट में चला, जिसमें चारों को कोर्ट ने सबूतों के अभाव में बरी कर दिया। महम बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान एडवोकेट रवि शंकर सोनी ने बताया कि एक पड़ोसी ने रंजिश रखते हुए मुकदमा दर्ज करवाया था। महम के हाल वार्ड 14 निवासी धर्मबीर पुत्र दीपचंद ने 14 नवंबर 2020 को महम थाने में शिकायत दी थी कि पड़ोसी जगपाल का खेत से फोन आया था कि उन्होंने खेत की सिंचाई करने के लिए साझे की नाली सफाई क्यों नहीं की। उसका फोन आने के बाद वह और उसका बेटा विजय खेत में चले गए। वहां पर जगपाल पुत्र पितरू, मोहित पुत्र जगपाल, संजय मोहन पुत्र टेकराम और कृष्ण मोहन पुत्र टेकराम ने खुद (धर्मबीर) उस पर और उसके बेटे विजय पर जानलेवा हमला कर दिया।

**झूठा केस दर्ज किया गया**

धर्मबीर का आरोप था कि इस जानलेवा हमले में संजय और जगपाल ने उसको इतनी चोट मारी की उसके पैर में फ्रैक्चर हो गया और कृष्ण मोहन ने उसके बेटे विजय के सिर में फरसा मारा। एडवोकेट रवि शंकर सोनी ने कहा है कि यह केस बिल्कुल झूठा था। इस केस में मौखिक गवाही और मेडिकल गवाही आपस में मेल नहीं खा रही थी। मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक चोट फरसे से नहीं लगी थी और पुलिस जांच में फरसा बरामद नहीं किया गया था, जबकि डंडा बरामद किया था। रंजिश में केस दर्ज करवाया गया था। आरोपितों ने यह चोट नहीं मारी थी। स्टेट बनाम जगपाल आदि केस में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश शैलेंद्र सिंह की अदालत ने सबूतों के अभाव में जगपाल, मोहित, संजय मोहन और कृष्ण मोहन को बरी कर दिया है।



**महम।** रवि शंकर सोनी, एडवोकेट।

**रास सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह होंगे मुख्य अतिथि**

# कल जीएसटी बचत महोत्सव, आत्मनिर्भर भारत अभियान सम्मेलन

- जीएसटी अब 'बचत उत्सव' से 'रोजगार उत्सव' में बदल रहा : खरक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

भाजपा जीएसटी सुधारों को जीएसटी बचत महोत्सव के रूप में मना रही है। इसी कड़ी में रविवार को जीएसटी बचत महोत्सव और आत्मनिर्भर भारत अभियान सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में भाजपा के राज्यसभा सांसद एवं राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह मुख्य अतिथि होंगे। पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इससे पहले भाजपा प्रदेश कार्यालय मंगल कमल में राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह प्रेसवार्ता को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में प्रतिष्ठित व्यापारी, गणमान्य लोगों के अलावा भाजपा के कार्यकर्ता और वरिष्ठ पदाधिकारी भी मौजूद रहेंगे। भाजपा के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने बताया कि महामंत्री अरुण सिंह आत्मनिर्भर भारत अभियान के राष्ट्रीय संयोजक भी हैं। वो जीएसटी बचत महोत्सव एवं आत्मनिर्भर भारत अभियान सम्मेलन 26 अक्टूबर को सायं 4 बजे श्री लालनाथ हिंदू कालेज के सभागार, भिवानी चुंगी में पहुंच कर कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**अरूण सिंह व्यापारियों और कार्यकर्ताओं को प्रेरित करेंगे**



इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह जीएसटी सुधारों और आत्मनिर्भर भारत अभियान को लेकर सम्मेलन में व्यापारियों और कार्यकर्ताओं को प्रेरित करेंगे। शमशेर सिंह खरक ने बताया कि जीएसटी की दरें कम होने से समाज के सभी वर्गों को लाभ मिल रहा है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में मोदी सरकार द्वारा उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

ये सुधार हर क्षेत्र में लोगों को लाभान्वित कर रहे हैं। खरक ने कहा कि जीएसटी अब 'बचत उत्सव' से 'रोजगार उत्सव' में बदल रहा है। व्यापार आसान हो गया है। जीएसटी को सरलीकरण और पारदर्शिता का प्रतीक बताते हुए खरक ने कहा कि जीएसटी 'आत्मनिर्भर भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में मदद कर रहा है। भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी खरक ने बताया कि भारत की 'आत्मनिर्भरता' के लिए स्वदेशी का मंत्र जरूरी है। आज समय की मांग है कि हम स्वदेशी अपनाएं। वही खरीदें जो देश में बना हो। वही बेचें, जो देश में बना हो। उन्होंने कहा कि स्वदेशी अपनाना अपने देश के कारीगरों, किसानों, छोटे व्यापारियों, और उद्यमियों का सम्मान करना है। जब हम स्वदेशी अपनाते हैं, तो हम अपने देश की मिट्टी से जुड़ते हैं, अपने लोगों की मेहनत को सम्मान देते हैं और अपने देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम बढ़ाते हैं।

**ये रहेंगे मौजूद**

कार्यक्रम में अशोक चौधरी, सुरेश मदान, गुलशन निझावन, सुशील बंसल, सुबेर सैनी, जितेश लोहचब, राजेन्द्र मदान, विनोद आहुजा, अनिल अरोड़ा, राजकुमार साहनी, राजकुमार चावला, अनिल मित्तल, अंगद कोचर भी मौजूद रहेंगें। इसके अलावा अमित मग्गू रॉकी सहगल मनीष शर्मा (अध्यक्ष, श्री मंगलसेन मंडल) (अध्यक्ष, महाराजा शूरसेन मंडल) (अध्यक्ष, महाराजा अग्रसेन मंडल) द्वारा अतिथियों का स्वागत किया जाएगा।